सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप में' कार्यक्रम का आयोजन

जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने संस्थान की प्रयोगशालाओं का किया भ्रमण

वैज्ञानिकों से संवाद के माध्यम से प्रेरित हुए विद्यार्थी

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 21 से 25 जुलाई, 2025 तक **‘एक दिन वैज्ञानिक के रूप में’** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देशभर की सभी सीएसआईआर प्रयोगशालाओं में समान रूप से आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को देश के वैज्ञानिक अनुसंधान के वातावरण से परिचित कराना तथा उनमें विज्ञान के प्रति रुचि और समझ विकसित करना है। भारत के माननीय प्रधानमंत्री एवं **सीएसआईआर के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र मोदी जी** ने दिनांक **23 फरवरी 2025** को प्रसारित **'मन की बात'** कार्यक्रम के **119वें संस्करण** में विद्यार्थियों का आह्वान किया था कि वे एक दिन वैज्ञानिक के रूप में बिताएं और अनुभव करें कि वैज्ञानिक बनना कैसा होता है। इसी प्रेरणादायक विचार को मूर्त रूप देते हुए **सीएसआईआर द्वारा** संचालित **‘जिज्ञासा’ कार्यक्रम** के अंतर्गत देशभर की सभी परिषद प्रयोगशालाओं में यह अभिनव पहल की जा रही है। **‘एक दिन वैज्ञानिक के रूप में’** कार्यक्रम उसी शृंखला का हिस्सा है, जो विद्यार्थियों को विज्ञान और अनुसंधान के वास्तविक परिवेश से परिचित कराने का माध्यम है।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

इस अवसर पर **डॉ पी सी पंचारिया,** निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को शोध एवं नवाचार की वास्तविक दुनिया से जोड़ने की दिशा में एक प्रभावशाली प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि सीएसआईआर-सीरी, पिलानी इस राष्ट्रीय पहल में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है और भविष्य के वैज्ञानिकों को प्रेरणा देने का महती कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम का संचालन-समन्वयन करते हुए
श्री प्रमोद तँवर, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, पीएमई

सभागार में उपस्थित विद्यार्थी-प्रतिभागी एवं उनके शिक्षकगण

सीरी में आयोजित इस पाँच दिवसीय कार्यक्रम का समन्वयन एवं संयोजन **श्री प्रमोद तंवर, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, पी.एम.ई.** द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को कार्यक्रम की पृष्ठभूमि एवं उपयोगिता से अवगत कराया। श्री तँवर ने विद्यार्थियों से वैज्ञानिक सोच विकसित करने का आह्वान किया तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं ।

सीएसआईआर-सीरी में पाँच दिवसीय इस कार्यक्रम के दौरान पिलानी व आस-पास के 17 विद्यालयों के 310 छात्र -छात्राओं एवं उनके शिक्षकों ने सीएसआईआर-सीरी का शैक्षणिक भ्रमण

किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागी विद्यार्थियों को संस्थान की अत्याधुनिक अनुसंधान प्रयोगशालाओं में जाने का अवसर मिला, जहाँ उन्होंने विभिन्न प्रौद्योगिकियों, वैज्ञानिक उपकरणों एवं अनुसंधान गतिविधियों को निकट से देखा।

सभागार में उपस्थित विद्यार्थी-प्रतिभागी एवं उनके शिक्षकगण

प्रतिभागियों से व्याख्यान के दौरान चर्चा करती हुईं
डॉ सुमिता सिह, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक

विद्यार्थियों ने वैज्ञानिकों से संवाद कर बाल-सुलभ जिज्ञासाओं का समाधान पाया और वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने अनुसंधान की बारीकियों को समझा। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों के प्रेरणादायी व्याख्यानों का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को **'विकसित भारत @ 2047'** की परिकल्पना के अनुरूप विज्ञान को करियर के रूप में अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान में शैक्षणिक भ्रमण पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे अपने लिए विशिष्ट अनुभव बताया।

<u>कार्यक्रम के कुछ अन्य चित्र</u>